# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), द्वारा आयोजित

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

# प्रैक्टिस पेपर

# 9

## भाग : (अ)

## सामान्य हिन्दी

**1. षणमुख का संधि-विच्छेद होगा?**

(1) षट + मुख (2) षण + मुख

(3) षड् + मुख (4) षट् + मुख.

**2. व्यंजन संधि से निर्मित शब्द नहीं है?**

(1) दिगम्बर (2) उन्नति

(3) वागीश (4) रवीन्द्र

**3. किस विकल्प के सभी शब्दों में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?**

(1) उज्ज्वल, धीमान (2) क्रमशः, अभ्यागत

(3) मनस्वी, स्वत्व (4) उल्लेख, उद्‌घाटन

**4. निम्नलिखित में कौनसा विवरण सही नहीं है?**

(1) 'प्रेरणा' में 'प्र' उपसर्ग है।

(2) 'पर्याप्त' में 'परि' उपसर्ग है।

(3) 'अध्यात्म' में 'अधि' उपसर्ग है।

(4) 'अभ्यास' में 'अ' उपसर्ग है।

**5. निम्नलिखित में से कौन 'प्रत्यय' का उदाहरण है?**

(1) फलित (2) संकल्प

(3) उत्थान (4) सम्मेलन

**7. 'Acknowledgement' का हिन्दी रूपांतर होगा-**

(1) प्रेषित (2) पावती

(3) विज्ञापित (4) प्रमाणन

**8. परिभाषिक शब्द 'Valid' का उपयुक्त हिन्दी अर्थ है-**

(1) विधिमान्य (2) सुयोग्य

(3) अवैध (4) वृत्ति

**9. रचना के आधार पर वाक्यों में से भिन्न वाक्य है?**

(1) सरल वाक्य (2) मिश्र वाक्य

(3) निषेधात्मक वाक्य (4) संयुक्त वाक्य

**10. पूर्व में प्रेषित पत्र का स्मरण दिलाने के लिए भेजा गया पत्र कहलाता है?**

(1) अनुस्मारक (2) ज्ञापन

(3) निमंत्रण पत्र (4) परिपत्र

**11. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन करें-**

(1) भारतीय संस्कृति को मुझे गाँव-गाँव में देखा हुआ था।

(2) भारतीय संस्कृति को मैंने गाँव-गाँव में देखा।

(3) भारतीय संस्कृति को मैंने गाँव-गाँव में देखे।

(4) भारतीय संस्कृति को मैंने गाँव-गाँव में देखे थे।

**12. निम्नलिखित में किन शब्दों में 'आवट' प्रत्यय लगा हुआ है?**

(A) लिखावट (B) घबराहट

(C) बनावट (D) गुर्राहट

(E) आहट

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(1) A और C (2) A और D

(3) A और E (4) A और B

**13. निम्नलिखित में 'प्रज्ञ' का विलोम शब्द है-**

(1) अति (2) अज्ञ

(3) ज्ञानी (4) बुद्धिमान

**14. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द है-**

(A) अधीन (B) पुरष्कार

(C) महत्त्व (D) साशन

(E) उपर्युक्त

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(1) A, B और C (2) B, D और E

(3) B, C और D (4) A, C और E

**15. 'जो केन्द्र से हटकर दूर जाता हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है-**

(1) केन्द्रापसारी (2) केन्द्राभिसारी

(3) क्रमागत (4) केन्द्राभिमुख

16. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I ( वाक्यांश ) | सूची-II ( शब्द ) |
|---|---|
| (A) जिसका कोई कारण न हो | (i) वाचाल |
| (B) सदैव रहने वाला | (ii)s वैज्ञानिक |
| (C) बहुत बोलने वाला | (iii) शाश्वत |
| (D) विज्ञान की विशेष जानकारी रखने वाला | (iv) अकारण |

कूट:-

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

17. निम्नलिखित में से 'विज्ञ' का विपरीतार्थक शब्द है-
(1) अज्ञ (2) ज्ञानी
(3) विशेषज्ञ (4) सर्वज्ञ

18. जिस समास में पूर्व पद अथवा खंड प्रधान होता है उसे कहा जाता है-
(1) द्विगु (2) तत्पुरुष
(3) अव्ययीभाव (4) बहुव्रीहि

19. इनमें से किस शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है?
(1) बेकार (2) बेलदार
(3) बेखबर (4) बेगुनाह

20. किस विकल्प में तत्सम और तद्भव दोनों प्रकार के शब्द समाहित हैं?
(1) आंक, काक, आम (2) आँवला, अमावस, कबूतर
(3) आसरा, पकवान, दही (4) गाँव, बाघ, बिच्छू

21. 'अग्रज' का सही विलोम है?
(1) अनुज (2) ज्येष्ठ
(3) कनिष्ठ (4) भ्राता

22. ''शिरोधार्य'' शब्द का समास-विग्रह होगा-
(1) सिर पर आधारित हो
(2) शिरा को धारण करने वाला
(3) सिर से उद्धार करने वाला
(4) जो सिर से धारण करने योग्य हो

23. निम्नलिखित में से किस शब्द में तत्पुरुष समास निहित है?
(1) दुरंगा (2) प्रतिदिन
(3) शरणागत (4) धर्माधर्म

24. इनमें विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा कौन-सी है?
(1) मातृत्व (2) शिशुता
(3) छुटपन (4) बचपन

25. किस क्रम में निश्चय वाचक सर्वनाम का सही उदाहरण है?
(1) अरे नालायक! तू इधर क्या कर रहा है?
(2) इस पुस्तक को देखो, यह कितनी उपयोगी है?
(3) कोई कुछ भी कहे, हमें क्या?
(4) आपका शुभ नाम क्या है?

26. 'मैं <u>अपना</u> काम स्वयं करता हूँ' में रेखांकित में कौनसा सर्वनाम है?
(1) संबंधवाचक (2) पुरुषवाचक
(3) निजवाचक (4) निश्चयवाचक

27. गुणवाचक विशेषण से संबंधित वाक्य कौन-सा है?
(1) बालक पहली कक्षा में पढ़ता है।
(2) यह पुस्तक मेरी है।
(3) हमें कपटी व्यक्ति से दूर रहना चाहिए।
(4) समारोह में अनेक लोग उपस्थित थे।

28. प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है?
(1) तुम्हें देर तक नहीं सोना चाहिए।
(2) अध्यापक छात्र से कहानी लिखवाता है।
(3) हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए।
(4) उसने मेरे लिए सामान खरीदा।

29. शब्द व उसके पर्यायवाची बेमेल जोड़े का चयन करें-
(1) आम्र-रसाल (2) आनंद-वासव
(3) रमा-लक्ष्मी (4) वायुसखा-कृशानु

30. 'टेक निभाना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(1) गाने में साथ निभाना (2) टांग अड़ाना
(3) खुशी से नाचना (4) वचन पूरा करना

## भाग : ( ब )
## सामान्य अंग्रेजी

31. I hurt <u>myself</u>. The underlined word is a:
(1) personal pronoun
(2) demonstrative pronoun
(3) reflexive pronoun
(4) possessive pronoun

32. Do whatever ______ best.
(1) seemed (2) seeming
(3) seems (4) seams

33. **Fill in the blank using the appropriate option:**
**Prakash_______ tennis for an hour**
***when the news of his selection came in.***
(1) had play (2) had been playing
(3) had played (4) had been played

34. **He looked after the children well.**
**Which of the following is correct passive voice?**
(1) The children will be look after well.
(2) Look after the children well.
(3) The children were well looked after.
(4) Well looked after were the children.

35. **Choose the active voice of.**
**Saina had been supported by her maternal aunt.**
(1) Saina supported her maternal aunt.
(2) Saina's maternal aunt supported Saina.
(3) Saina's maternal aunt had supported Saina.
(4) Saina's maternal aunt had been supported by Saina.

36. **He says, "The earth is round."**
(1) He tells that the earth is round.
(2) He says that the earth was round.
(3) He talls that the earth was round.
(4) He says that the earth was is round.

37. **His father is ______ M.L.A.**
(1) an (2) a
(3) no article (4) the

38. **Are you sure there aren't ______ more letters to past?**
(1) any (2) much
(3) little (4) very

39. **I never asked her to come with me. (Interrogative).**
(1) Do I ever ask her to come with me?
(2) Did I not ask her to come with me?
(3) Did I ever ask her to come with me?
(4) Did I ask her not to come with me?

40. **Choose the correct translation:**
**"No action is required."**
(1) कोई कार्य नहीं करना है।
(2) कोई कार्यवाई करनी है।
(3) कोई कार्यवाई आवश्यक नहीं।
(4) कार्यवाई आवश्यक है।

41. **'The discharge petitions is kept in abeyance'. का हिन्दी में सही रूपान्तरण होगा?**
(1) कार्यमुक्ति प्रार्थनापत्र को स्थगित रखा गया है।
(2) सेवामुक्ति निवेदन को प्रास्थगित रखा गया है।
(3) उन्मोचन याचिका को प्रास्थगित रखा गया है।
(4) सेवा-समाप्ति याचिका को स्थगित रखा गया है।

42. **इनमें से किस शब्द का अर्थ Endorsement से संबद्ध नहीं है?**
(1) भुगतान (2) बेचान
(3) समर्थन (4) पृष्ठांकन

43. **Discretionary Power से संबद्ध नहीं है?**
(1) विवेकाधिकर (2) स्वनिर्णय
(3) विवेकाधीन (4) स्वेच्छानिर्णय

44. **किस विकल्प में "Exceptional" शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही नहीं है-**
(1) विशिष्ट (2) अपवादात्मक
(3) स्वीकारात्मक (4) असाधारण

45. **Choose the correct exclamatory form of the following sentence from the given options: Krishna lectures wonderful.**
(1) How wonderfully Krishna lectures!
(2) How Krishna lectures wonderfully!
(3) How lectures Krishna wonderfully!
(4) How wonderful are her lectures!

## भाग : ( स )
## सामान्य ज्ञान

46. **विश्व में राजस्थान किस गोलार्द्ध में स्थित है?**
(1) उत्तर-पश्चिम गोलार्द्ध (2) उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध
(3) दक्षिण-पूर्वी गोलार्द्ध (4) दक्षिण-पश्चिम गोलार्द्ध

47. **निम्न में से कौनसा स्थान दक्षिण राजस्थान में स्थित नहीं है?**
(1) कांठल (2) छप्पन का मैदान
(3) देवलिया (4) थली

48. **राजस्थान का न्यूनतम वर्षा वाला क्षेत्र है-**
(1) उत्तरी-पूर्वी (2) दक्षिणी-पूर्वी
(3) पश्चिमी (4) दक्षिणी

49. **मृदा के नवीन वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान में 'अल्फीसोल्स' मृदा पायी जाती है?**
(1) जयपुर, अलवर और कोटा में
(2) चूरू, झुंझुनूं और सीकर में
(3) जैसलमेर और बाड़मेर में
(4) प्रतापगढ़ और सिरोही में

50. **निम्न में से राजस्थान के किन जिलों में चम्बल नदी बहती हैं?**
(1) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़
(2) कोटा, बूंदी, अलवर, सवाई माधोपुर
(3) बूंदी, कोटा, सवाई माधोपुर, धौलपुर
(4) कोटा, बूंदी, अलवर, करौली

51. बांकली झील किस जिले में अवस्थित है?
(1) बीकानेर (2) बाड़मेर
(3) पाली (4) जोधपुर

52. ईसरदा बाँध परियोजना किन जिलों में निर्मित किया गया है?
(1) टोंक और सवाई माधोपुर (2) कोटा और बाराँ
(3) झालावाड़ और बाराँ (4) डूँगरपुर और बाँसवाड़ा

53. राजस्थान में निम्नलिखित में से किस स्थान पर तेजाजी की स्मृति में पशु मेला आयोजित होता है?
(1) आसीन्द (2) परबतसर
(3) तिलवाड़ा (4) देशनोक

54. राजस्थान जैविक विविधता नियम किस वर्ष तैयार किए गए थे?
(1) 2002 (2) 2005
(3) 2010 (4) 2008

55. जयपुर मैट्रो रेल की व्यावसायिक सेवाओं की शुरूआत किस वर्ष में हुई?
(1) 2011 (2) 2013
(3) 2015 (4) 2010

56. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान में कितने जिलों की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 28 प्रतिशत से अधिक है-
(1) 08 (2) 05
(3) 03 (4) 01

57. राजस्थान के विभिन्न जिलों में जनसंख्या वितरण के बढ़ते क्रम के संबंध में दिए गए सही विकल्प की पहचान करें-
(1) बीकानेर < अजमेर < जोधपुर < जयपुर
(2) अजमेर < जोधपुर < बीकानेर < जयपुर
(3) अजमेर < बीकानेर < जोधपुर < जयपुर
(4) जयपुर < जोधपुर < अजमेर < बीकानेर

58. शेखावाटी में शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने के नाम पर शेखावाटी ब्रिगेड की स्थापना कब की गई?
(1) 1840 ई. (2) 1838 ई.
(3) 1832 ई. (4) 1835 ई.

59. 1818 ई. की संधि के पश्चात ब्रिटिश विरोधी भाव रखते हुए जोधपुर के किस महाराजा ने अंततः संन्यास ले लिया?
(1) महाराज छत्रसिंह (2) महाराजा तख्तसिंह
(3) महाराजा सूरतसिंह (4) महाराजा मानसिंह

60. 1822 ई. में गठित मेरवाड़ा बटालियन का मुख्यालय था?
(1) जहाजपुर (2) नसीराबाद
(3) देवली (4) ब्यावर

61. हटुण्डी ( अजमेर ) में गांधी आश्रम की स्थापना —— के द्वारा की गई?
(1) अर्जुनलाल सेठी (2) हरिभाऊ उपाध्याय
(3) जमनालाल बजाज (4) माणिक्य लाल वर्मा

62. मत्स्य संघ में कुल रियासतें थी?
(1) 7 (2) 8
(3) 4 (4) 2

63. सुमेलित करो-
(a) ऊँट उत्सव (i) बाड़मेर
(b) हाथी उत्सव (ii) बीकानेर
(c) मरु मेला (iii) जयपुर
(d) थार महोत्सव (iv) जैसलमेर

कूट:-
(1) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(2) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(3) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)
(4) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

64. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए-

| सूची-I ( स्थान/मेला ) | सूची-II ( स्थान ) |
|---|---|
| a. गागरोन | (i) झालावाड़ |
| b. कुम्भलगढ़ | (ii) जयपुर |
| c. आमेर | (iii) राजसमंद |
| d. कैलादेवी मेला | (iv) करौली |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें-
(1) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)
(2) a-(i), b-(iii), c-(ii), d-(i)
(3) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)
(4) a-(ii), b-(iii), c-(i), d-(iv)

65. निम्नलिखित में से कौनसा वाद्य यंत्र बाकी तीन से अलग है?
(1) शहनाई (2) खड़ताल
(3) मशक (4) अलगोजा

66. गीदड़ नृत्य किस अवसर पर किया जाता हैं?
(1) होली (2) विवाह
(3) नवरात्रि (4) गणगौर

67. तेजाजी का जन्म कहाँ हुआ था?
(1) खड़नाल [ नागौर ] (2) ऊँडुकसमेर [ बाड़मेर ]
(3) भुण्डेल [ नागौर ] (4) गोगामेडी [ हनुमानगढ़ ]

68. गणगौर पर्व समर्पित है-
(1) देवी पार्वती (2) भगवान कृष्ण
(3) भगवान राम (4) देवी लक्ष्मी

69. कौन सा ( हस्तशिल्प - स्थान ) सही सुमेलित नहीं है?
(1) बंधेज (टाई एंड डाई) - जयपुर
(2) मसूरिया साड़ी - कैथून
(3) लकड़ी के खिलौने - बस्सी
(4) तारकशी का काम - उदयपुर

70. राजस्थान के रीति-रिवाजों में 'मौसर' किसे कहा जाता है?
(1) गृह-प्रवेश (2) दहेज
(3) विवाह के अवसर पर प्रीति भोज
(4) मृत्यु-भोज

71. निम्नलिखित आभुषण समूहों में से कौन सा समूह सही सुमेलित नहीं है-
(1) अंगोट्या, कर्णफूल, पीपलपत्रा, झेला
(2) तिमणियां, तुलसी, बजट्टी, हालरो
(3) कंगन, नोगरी, गजरा, नेवरी
(4) लंगर, पायल, नुपूर, झांझर

72. पलाण, मोहरा, गोरबन्द और पर्चनी राजस्थान में किस पशु के श्रृंगार के आभूषण है?
(1) हाथी (2) घोड़ा
(3) ऊँट (4) बैल

73. हाड़ा राजपूतों द्वारा शासित क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली को ——— बोली कहा जाता है?
(1) हाड़ौती (2) मेवाती
(3) वागड़ी (4) भीली

74. 'झोरावा' लोक गीत का सम्बन्ध है?
(1) उदयपुर से (2) जैसलमेर से
(3) बीकानेर से (4) बाड़मेर से

75. सुमेलित कीजिए-

| (पुस्तक) | (लेखक) |
|---|---|
| A. हम्मिरायण | 1. बादर |
| B. वीरमायण | 2. मंछाराम सेवग |
| C. रघुनाथ रूपक | 3. भांडउ व्यास |

कूटः-

| | (A) | (B) | (C) |
|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 2 | 1 | 3 |
| (3) | 3 | 1 | 2 |
| (4) | 1 | 2 | 3 |

76. 'मरू महोत्सव' किस पर्यटन सर्किट का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है?
(1) वागड़ (2) मेरवाड़ा-मारवाड़
(3) मरू (4) गोड़वार

77. राज्य में सूखा से सर्वाधिक प्रभावित होता है?
(1) जंगली जीव जन्तु (2) मनुष्य
(3) पशुधन (4) वन

78. राज्यपाल द्वारा राज्य की विधान परिषद् में कितने सदस्य मनोनीत किये जाते है?
(1) सदस्यों की कुल संख्या का 1/4
(2) सदस्यों की कुल संख्या का 1/6
(3) सदस्यों की कुल संख्या का 1/3
(4) सदस्यों की कुल संख्या का 1/2

79. लोकसभा में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व कितने सदस्य करते हैं?
(1) 12 (2) 16
(3) 20 (4) 25

80. निम्नांकित में से कौन, राजस्थान से राज्यसभा में सबसे ज्यादा अवधि के लिए प्रतिनिधित्व करने वाली महिला सांसद हैं ?
(1) ऊषी खान (2) शारदा भार्गव
(3) लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत (4) शांति पहाड़िया

81. 1974 में भैरोंसिंह शेखावत किस राज्य से राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए?
(1) मध्य प्रदेश (2) राजस्थान
(3) उत्तर प्रदेश (4) हरियाणा

82. राजस्थान का मुख्यमंत्री नियुक्त होने के बाद निम्नलिखित में से किसे उप मुख्यमंत्री बना दिया गया?
(1) हीरालाल शास्त्री (2) टीकाराम पालीवाल
(3) मोहनलाल सुखाड़िया (4) जयनारायण व्यास

83. अलवर जिला किस संभाग का भाग है?
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) अजमेर

84. किन वर्षों में संभागीय आयुक्त के पद को समाप्त और पुनस्थापित कर दिया गया था?
(1) 1962 में समाप्त कर 1971 में पुनर्जीवित
(2) 1959 में समाप्त कर 1987 में पुनर्जीवित
(3) 1966 में समाप्त कर 1973 में पुनर्जीवित
(4) 1962 में समाप्त और 1987 में पुनस्थापित

85. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा में मुख्य कार्यकारी अधिकारी की शक्तियों का उल्लेख है?
(1) धारा 81 (2) धारा 82
(3) धारा 83 (4) धारा 84

86. संविधान का कौनसा अनुच्छेद पंचायत में महिलाओं के एक तिहाई प्रतिनिधित्व की गांरटी देता है?

(1) अनुच्छेद- 243-D (2) अनुच्छेद- 243-I

(3) अनुच्छेद- 243-H (4) अनुच्छेद- 243-C

87. टाईफाइड बुखार का कारण है?

(1) एशचेरिचिया (2) साल्मोनेला

(3) माइकोबैक्टीरियम (4) जियार्डिया

88. निम्न रोगों में से कौन सा रोग जीवाण्वीय रोग नहीं है?

(1) डिप्थीरिया (2) प्लेग

(3) न्यूमोनिया (4) डेंगू

89. बी.सी.जी. का टीका किस रोग से रक्षा के लिए लगाते हैं ?

(1) हैजा (2) काली खांसी

(3) टी.बी. (तपेदिक) (4) टिटनेस

90. प्रकाशिक तंतु (Optical Fibres) प्रकाश की किस घटना पर आधारित है?

(1) अपवर्तन (2) व्यतिकरण

(3) ध्रुवण (4) पूर्ण आंतरिक परावर्तन

91. कैल्शियम क्लोराइड का रासायनिक सूत्र क्या है?

(1) $CaCl_2$ (2) CaCl

(3) $CaCl_3$ (4) $CaCl_4$

92. कम्प्यूटर प्रोग्राम का समूह जो कम्प्यूटर के हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर का प्रबंधन करता है?

(1) कंपाइलर सिस्टम (2) ऑपरेशन सिस्टम

(3) ऑपरेटिंग सिस्टम (4) इनमें से कोई नहीं

93. A1 से A5 सेल में मौजूद डेटा का जोड़ करने के लिए सही सूत्र क्या है?

(1) = SUM (A1 ; A5)

(2) = SUM (A5 : A1)

(3) = SUM (A2, A2, A3, A4, A5)

(4) उपरोक्त सभी

94. एमएम एक्सेल में, ................ पक्ति और स्तम्भ का प्रतिच्छेद होता है?

(1) शेल (2) फॉर्मूला

(3) सेल (4) फंक्शन

95. निम्न में से कौनसा शब्द 'QUWRTY' से संबंधित है?

(1) माउस (2) की-बोर्ड

(3) हार्ड डिस्क (4) मॉनिस्टर

## भाग : ( द )
## गणित

96. किसी संख्या को 20% बढ़ाया जाता है और फिर 20% घटाया जाता है। अंततः संख्या होती है ?

(1) 4% कम (2) 4% अधिक

(3) उतनी (4) 0.4 कम

97. एक कक्षा के 7 सदस्यों ( 1 कक्षाध्यापक + 6 छात्र ) की औसत उम्र 18 वर्ष है। यदि कक्षाध्यापक की उम्र सम्मिलित नहीं की जाये तो छात्रों की औसत उम्र 5 वर्ष कम हो जाती है तो अध्यापक की उम्र ज्ञात करो-

(1) 48 वर्ष (2) 78 वर्ष

(3) 36 वर्ष (4) 50 वर्ष

98. किसी छात्र का प्राप्तांक गलती से 63 के बदल 83 दर्ज हो गया। इस कारण कक्षा का औसत प्राप्तांक $\frac{1}{2}$ बढ़ गया। उस कक्षा में छात्रों की संख्या है–

(1) 40 (2) 20

(3) 10 (4) 73

99. यदि x का 40 प्रतिशत का 40 प्रतिशत = 40 हो तो x का माना होगा?

(1) 200 (2) 250

(3) 300 (4) 350

100. एक व्यक्ति की आय 5400 रु. है 16% छूट देने के बाद यदि 5% आयकर देना पड़ता है तो आयकर की राशि ज्ञात करो-

(1) 228 रु. (2) 250 रु.

(3) 300 रु. (4) 450 रु.

101. एक फल वाले ने 300 केले 250 रु. के खरीदे उसने 120 केले 9 रु. प्रति दर्जन से और शेष केले 11 रु. प्रति दर्जन के भाव से बेचे। बताइये उसे कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि हुई?

(1) 2% हानि (2) 4% लाभ

(3) 2% लाभ (4) न लाभ न हानि

102. एक पैन का अंकित मूल्य x रु. है। पैन पर 15% कमीशन काटने के बाद पैन का विक्रय मूल्य क्या होगा?

(1) $\frac{3x}{20}$ (2) $\frac{23x}{20}$

(3) $\frac{17x}{20}$ (4) कोई नहीं

**103.** मोहन और सोहन के पास किताबों की संख्या में 11 : 13 का अनुपात है तो मोहन के पास सोहन से कितने गुणा किताबे हैं-

(1) 11 (2) 13

(3) $\frac{11}{13}$ (4) $\frac{13}{11}$

**104.** एक किले में 175 आदमियों के लिये 50 दिन का खाना है। 15 दिन बाद 50 आदमी दुर्ग छोड़ कर चले गये तो बताओ वही खाना कितने दिनों के लिये पर्याप्त रहे तो—

(1) 49 दिन (2) 50 दिन

(3) 40 दिन (4) 35 दिन

**105.** अनिल और विनय ने क्रमशः 3000 रु. और 3500 रु. लगाकर एक व्यापार प्रारम्भ किया। विनय ने 7 माह बाद अपनी पूँजी वापस ले ली तब संजय 4000 रु. की पूँजी लगाकर अनिल के साथ व्यापार में सम्मिलित हो गया। यदि वर्ष के अन्त में अनिल का लाभ 1260 रुपये हो तो संजय का लाभ ज्ञात करो?

(1) 750 रु. (2) 800 रु.

(3) 600 रु. (4) 700 रु.

**106.** एक निश्चित साधारण ब्याज की दर पर 2400 रु. का 5 वर्ष का मिश्रधन 2760 रु. हो जाता है? यदि ब्याज वर्ष की दर 2 प्रतिशत अधिक होती तो मिश्रधन कितना होगा?

(1) 3700 रु. (2) 3500 रु.

(3) 3000 रु. (4) 4000 रु.

**107.** 1000 रु. का ½ वर्ष का 8% की दर से चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात करे जबकि ब्याज अर्द्धवार्षिक संयोजित होता हो?

(1) 50 रु. (2) 40 रु.

(3) 80 रु. (4) 60 रु.

**108.** 15, 18, 36 और 144 का लद्युत्तम समापवर्त्य होगा-

(1) 72 (2) 0.72

(3) 720 (4) 0.072

**109.** A और B किसी काम को 18 दिन में पूरा कर सकते हैं, B और C 24 दिन में और A और C 36 दिन में। तीनों एक साथ काम करके उसे कितने समय में पूरा कर सकते हैं?

(1) 12 दिन (2) 13 दिन

(3) 16 दिन (4) 26 दिन

**110.** दो नगरों A तथा B के मध्य की दूरी 22 किमी. है। एक साईकिल सवार 8 किमी. प्रति घण्टा की चाल से A से B की ओर चलता है। इसके आधा घण्टे बाद दूसरा साईकिल सवार 10 किमी. प्रति घण्टा की चाल से B से A की ओर चलता है। वे दोनों A से कितनी दूरी पर मिलेंगे?

(1) 12 किमी. (2) 18 किमी.

(3) 16 किमी. (4) 14 किमी.

**111.** दो कारों की चालों का अनुपात क्रमशः 5 : 3 है। यदि पहली कार एक निश्चित दूरी को 21 मिनट में तय करती है तो दूसरी कितने समय में तय करेगी?

(1) 25 मिनट (2) 35 मिनट

(3) 40 मिनट (4) 52 मिनट

**112.** यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य 600 रु. है तथा इसे बेचने पर 20% लाभ होता है। तो वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात करो-

(1) 500 रु. (2) 720 रु.

(3) 480 रु. (4) 1200 रु.

**113.** राम एक T.V. 18,000 रु. में बेचता है। तथा इस पर राम को 10% हानि होती है। तो T.V. का क्रय मूल्य ज्ञात करो-

(1) 20000 रु. (2) 180000 रु.

(3) 360000 रु. (4) 72000 रु.

**114.** $4\frac{1}{2}$, 3 व $10\frac{1}{2}$ का लघुतम समापवर्त्य कितना होगा?

(1) 60 (2) 63

(3) 67 (4) 73

**115.** नमक के 8 लीटर विलयन में 5% नमक की मात्रा है। यदि उनमें से 1 लीटर पानी का वाष्पन हो जाता है तो शेष बचे विलयन में नमक का प्रतिशत कितना होगा?

(1) $4\frac{3}{7}$% (2) $5\frac{5}{7}$%

(3) $3\frac{2}{7}$% (4) $6\frac{2}{7}$%


116. 4 लीटर नमक के घोल में जिसमें 30% नमक है, एक लीटर पानी डालने पर नये घोल में कितने प्रतिशत नमक हैं?

(1) 20% (2) 24%
(3) 25% (4) 10%

117. A, B तथा C मिलकर कोई काम करके 390 ₹ कमाते हैं। यदि A, B तथा C के कामों का अनुपात 4 : 6 : 3 हो तो B को कितना धन मिलेगा?

(1) 160 ₹ (2) 180 ₹
(3) 170 ₹ (4) 150 ₹

निर्देशः सन् 2011 के पहले छः महीनों में एक प्रसव चिकित्सालय में जन्म लेने वाले नर एवं मादा शिशुओं का स्तम्भ आरेख में दिया गया है। स्तम्भ-आरेख का अध्ययन करके प्रश्न संख्या 118 से 120 तक के उत्तर दीजिए–




M : नर शिशु, F : मादा शिशु

118. किसी एक महीने में सबसे ज्यादा जन्में बच्चों का प्रतिशत किसी अन्य महीनें में सबसे कम जन्में बच्चों से कितनाा ज्यादा है?

(1) $77\frac{7}{9}$ (2) $43\frac{3}{4}$
(3) $66\frac{2}{9}$ (4) $55\frac{5}{9}$

119. पहले पाँच महीनों में नर-शिशुओं और मादा-शिशुओं के जन्म का अनुपात क्या है?

(1) 41 : 39 (2) 33 : 32
(3) 39 : 41 (4) 32 : 33

120. ऊर्ध्वाधर स्तम्भ आरेख में एक चिकित्सालय में नर एवं मादा शिशुओं के जन्मों को दिखाया गया हैं तद्नुसार वे महीने कौन-से हैं, जिनमें मादा शिशुओं की जन्म संख्या कम से कम नर-शिशुओं की संख्या के बराबर या अधिक रही हैं?

(1) फरवरी, मार्च एवं मई (2) फरवरी तथा मार्च
(3) फरवरी तथा मई (4) मार्च तथा मई

# व्याख्यात्मक सहित हल

## भाग : ( अ ) : सामान्य हिन्दी

1. (4) **व्याख्या:-** षट्+मुख = षण्मुख ⇒ व्यंजन संधि
2. (4) **व्याख्या:-** दिक्+अम्बर = दिगम्बर ⇒ व्यंजन संधि
   - वाक्+ईश = वागीश ⇒ व्यंजन संधि
   - रवि+इन्द्र = रवीन्द्र ⇒ दीर्घ संधि
   - उद्+नति = उन्नति ⇒ व्यंजन संधि
3. (4) **व्याख्या:-** उत् + लेख = उल्लेख, उत् + घाटन = उद्घाटन
4. (4) **व्याख्या:-** अभि + आस = अभ्यास। इसमें **'अभि'** उपसर्ग का प्रयोग किया गया है।

5. (1) 7. (2) 8. (1) 9. (3) 10. (1)

11. (2) 12. (1) 13. (2) 14. (4) 15. (1)
16. (1) 17. (1) 18. (3) 19. (2) 20. (1)
21. (1) 22. (4) 23. (3)

24. (3) **व्याख्या:-** भाववाचक संज्ञा - सर्वनाम, क्रिया, विशेषण आदि में प्रत्यक्ष लगकर निर्मित होती है। जैसे : मातृ (संज्ञा) + त्व – [मातृत्व] 2. शिशु + ता [संज्ञा से]- शिशुता, 3. छोटा+पन [विशेषण से] 4. बच्चा + पन [संज्ञा से] बचपन।

25. (2)

26. (3) **व्याख्या:- निजवाचक सर्वनाम :** वे सर्वनाम जिन्हें बोलने वाला कर्त्ता स्वयं अपने लिए प्रयुक्त करता हैं, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते है– आप, अपना, स्वयं (खुद) आदि निजवाचक सर्वनाम हैं।

27. (3) **व्याख्या:-** पहली= संख्यावाचक विशेषण, यह = सार्वनामिक विशेषण, कपटी = गुणवाचक विशेषण, अनेक = संख्यावाचक विशेषण

28. (2) **व्याख्या:- प्रेरणार्थक क्रिया:-** जहाँ 'कर्त्ता' स्वयं कोई कार्य नहीं करते हुए किसी अन्य को कार्य करने की प्रेरणा देता हैं, प्रेरणार्थक क्रिया कहलाती हैं। विकल्प (2) में अध्यापक स्वयं कहानी न लिखकर छात्र को कहानी लिखने की प्रेरणा दे रहा हैं।

29. (2)

30. (4)

## भाग : ( ब ) : सामान्य अंग्रेजी

31. (3) **Exp. :** Myself, ourselves, yourself, himself, herself, itself एवं themselves सभी **reflexive pronoun** होते है।

32. (3) **Exp. :** दिया गया sentence imperative है, अतः verb की I form seems का प्रयोग होगा।

33. (2) **Exp. :** दिया हुआ वाक्य past perfect continuous tense का है, जिसका structure होगा- sub + had been + ing form + object + since / for + time + .....

34. (3) **Exp.:** दिया गया active sentence past indefinite tense का है, जिसका structure होगा-

**Active-** Sub + V2 + Obj. + etc...

**Passive-** Obj. + was/were + V3 + by + sub+ etc...

35. (3) **Exp.:** दिये गये sentence में had been + v3 दी गई है जो कि past perfect की passive संरचना है, अतः active voice में had + v3 होगा।

36. (1) **Exp.:-** यह वाक्य universal truth का है, अतः इसके indirect speech के tense में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

37. (1) **Exp.:-** यदि कोई शब्द व्यंजन (consonant) से आरम्भ होता है, परन्तु उसका उच्चारण स्वर ध्वनि से होता है, तो उससे पूर्व an article का प्रयोग होता है।

38. (1) **Exp.:-** Negative sense में any का प्रयोग होता है।

39. (3) **Exp. :** यदि sentence में never है, तो उसे interrogative में बदलते समय ever में बदल देते है।

40. (3) 41. (3) 42. (1) 43. (1) 44. (3)
45. (1)

## भाग : ( स ): सामान्य ज्ञान

46. (2) **व्याख्या:-** अक्षांशीय दृष्टि राजस्थान **उत्तरी गोलार्द्ध** में स्थित है। देशान्तरीय दृष्टि से राजस्थान **पूर्वी गोलार्द्ध** में स्थित है। भारत में राजस्थान की स्थिति **उत्तर-पश्चिमी** है। अक्षांश व देशान्तर के आधार पर विश्व के मानचित्र में राजस्थान **उत्तर-पूर्वी** भाग में स्थित है।

47. (4) 48. (3) 49. (1) 50. (3) 51. (3)
52. (1)

53. (2) **व्याख्या:-** राजस्थान में जिलों के पुनगर्ठन के बाद परबतसर डीडवाना-कुचामन जिलों में स्थित है।

54. (3)

55. (3) **व्याख्या:-** जयपुर मेट्रो राजस्थान की पहली रेल प्रणाली है। प्रथम चरण [चरण- IA]- मानसरोवर से चांदपोल [शुरुआत 3 जून, 2015] में शुरूआत हुई। **चरण- IB- चाँदपोल से बड़ी चोपड, 23 सितम्बर, 2020** में शुरू हुआ। **चरण- IC-** चरण बी का विस्तार बड़ी चोपड से ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहा है। जयपुर मेट्रो को **एशियन विकास बैंक** द्वारा सहायता प्राप्त की रही है।

56. (2) 57. (1) 58. (4) 59. (3) 60. (4)
61. (2) 62. (3) 63. (1) 64. (2) 65. (2)
66. (1) 67. (1) 68. (1) 69. (4) 70. (4)

71. (3) **व्याख्या:-** पैरों में कड़ा, लंगर पायल, पायजेब, नूपुर, घुँघरु झाँझर, नेवरी आदि पहने जाते है। हाथों में कड़ा, कंगन, नोगरी, चाँट, गजरा, चूड़ी आदि पहने जाते है।

72. (3) 73. (1) 74. (2) 75. (3) 76. (3)
77. (1) 78. (2) 79. (4) 80. (2) 81. (1)

82. (2) **व्याख्या:-** टीकाराम पालीवाल (3.3.1952 – 31.10.1952) राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री रहे है। मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास के समय राजस्थान के प्रथम उपमुख्यमंत्री बने।

83. (2) 84. (4) 85. (4) 86. (1) 87. (2)
88. (4) 89. (3) 90. (4)

91. (1) **व्याख्या:-** कैल्शियम क्लोराइट ($CaCl_2$)
- कैल्शियम क्लोराइड का उपयोग जलशोषक पदार्थ या Dehydrating Agent के रूप में किया जाता हैं। हिम मिश्रण में भी इसका उपयोग किया जाता है।

92. (3) 93. (1) 94. (3) 95. (2)

## भाग : ( द ) : गणित

96. **व्याख्या : (1)** $\pm x \pm y + \frac{\pm x \times \pm y}{100}$ = वृद्धि या कमी %.

$$\Rightarrow 20 - 20 + \frac{-20 \times 20}{40}$$

$$\Rightarrow 0 - 4 = 4\%$$

अतः 4% की कमी

97. **व्याख्या : (1)** 7 सदस्यों की कुल आयु = 18×7 = 126 वर्ष
6 छात्रों की कुल आयु = 13×6 = 78 वर्ष
अतः अध्यापक की आयु = 126 − 78 = 48 वर्ष

98. **व्याख्या : (1)** माना छात्रों की संख्या x है।
औसत कमी या वृद्धि = प्राप्तांक त्रुटि

$\Rightarrow \frac{1}{2}x, = 83 - 63, \qquad \Rightarrow \frac{1}{2}x, = 20$

अतः x = 40

99. **व्याख्या : (2)** x का 40% का 40% = 40

$x \times \frac{40}{100} \times \frac{40}{100} = 40$

$x = \frac{40 \times 100 \times 100}{40 \times 40} = 250$

100. **व्याख्या : (1)** आयकर की राशि

$= 5400 \times \frac{100-16}{100} \times \frac{5}{100} = 5400 \times \frac{84}{100} \times \frac{5}{100} = 228$ रुपये

101. **व्याख्या : (3)** 120 केलों का विक्रय मूल्य

$= \frac{120}{12} \times 9 = 90$ रुपये

180 केलों का विक्रय मूल्य $= \frac{180}{12} \times 11 = 165$ रुपये

अतः 300 केलों का विक्रय मूल्य = 90 + 165
= 255 रुपये
300 केलों का क्रयमूल्य = 250 रुपये

लाभ% $= \frac{5}{250} \times 100 = 2\%$

102. **व्याख्या : (3)** पैन का विक्रय मूल्य $= x \times \frac{100-15}{100}$

$= \frac{85x}{100} = \frac{17x}{20}$ रुपये

103. **व्याख्या : (4)** मोहन के पास सोहन से कितने गुणा किताबे

$= \frac{\text{सोहन}}{\text{मोहन}} = \frac{13}{11}$

104. **व्याख्या : (1)** शेष खाना कितने दिन चलेगा $= \frac{A(x-y)}{A \pm B}$

[जहां + आने पर, − जाने पर]

$= \frac{175(50-15)}{175-50} = \frac{175 \times 35}{125} = 49$ दिन

105. **व्याख्या : (4)** अनिल : विनय : संजय

$\frac{3000 \times 12}{72} : \frac{3500 \times 7}{49} : \frac{4000 \times 5}{40}$

अतः संजय का लाभांश $= \frac{40}{72} \times 1260 = 700$ रुपये

106. **व्याख्या : (3)** ब्याज 2760 − 2400 = 360 रु.

दर $= \frac{100 \times \text{मूलधन}}{\text{मूलधन} \times \text{समय}} = \frac{360 \times 100}{2400 \times 5} = 3\%$

अब जब दर 2% अधिक है तो दर होगी 3 + 2 = 5%

ब्याज $= \frac{2400 \times 5 \times 5}{100} = 600$

मिश्रधन = 2400 + 600 = 3000 रु.

107. **व्याख्या : (2)** चक्रवृद्धि ब्याज $= 1000\left[1+\frac{4}{100}\right]^1 - 1000$

$= 1000 \times \frac{104}{100} - 1000 = 1040 - 1000 = 40$ रुपये

108. **व्याख्या:- (3)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 15, | 18, | 36, | 144 |
| 2 | 15, | 9, | 18, | 72 |
| 4 | 15, | 9, | 9, | 36 |
| 3 | 15, | 9, | 9, | 9 |
| | 5, | 3, | 3, | 3 |

= 2 × 2 × 4 × 3 × 3 × 5 = **720 Ans.**

109. **व्याख्या:- (3)** A + B का एक दिन का काम $= \frac{1}{18}$ ... (1)

B + C का एक दिन का काम $= \frac{1}{24}$ ... (2)

A + C का एक दिन का काम $= \frac{1}{36}$ ... (3)

समी. (1) + (2) + (3) करने पर


$\Rightarrow 2(A+B+C) = \frac{1}{18} + \frac{1}{24} + \frac{1}{36}$

$\Rightarrow 2(A+B+C) = \frac{4+3+2}{72} = \frac{9}{72} = \frac{1}{8}$

$\Rightarrow A+B+C = \frac{1}{16}$

अतः A, B व C एक काम को संयुक्त रूप से करेगें = 16 दिन

**110. व्याख्याः- (1)**




एक ही समय पर दोनों के मध्य दूरी = 22 – 4 = 18 किमी.

सापेक्ष चाल = 10 + 8 = 18 किमी./घण्टा

समय = $\frac{18}{18}$ = 1 घण्टा बाद मिलेगे।

अतः A से दूरी = 4 + 8 = 12 किमी.

↑ ↑——10 किमी./घण्टा

$\frac{1}{2}$ किमी./घण्टा

**111. व्याख्याः- (2)** दूसरी गाड़ी द्वारा लिया समय

$= \frac{\text{दिया की क्षमता}}{\text{पूछे की क्षमता}} \times \text{दिया समय}$

$= \frac{5}{3} \times 21 = 35$ मिनट

**112. व्याख्या : (2)** विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य $\times \frac{100 + \text{लाभ}}{100}$

$= 600 \times \frac{120}{100} = 720$ रुपये

**113. व्याख्या : (1)** क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य $\times \frac{100}{100 - \text{हानि}}$

$= 18000 \times \frac{100}{90} = 20000$ रु.

**114. व्याख्या : (2)** $\therefore 4\frac{1}{2} = \frac{9}{2},\ 3 = \frac{3}{1}$ तथा $10\frac{1}{2} = \frac{21}{2}$

अतः $\frac{9}{2}, \frac{3}{1}$ व $\frac{21}{2}$ का ल.स.व. ज्ञात करना है।

$\therefore$ दी गई भिन्नों का अभीष्ट ल.स.व.

$= \frac{9,\ 3 \text{ व } 21 \text{ का ल.स.व.}}{2, 1 \text{ व } 2 \text{ का म.स.प.}} = \frac{63}{1} = 63$

**115. व्याख्या : (2)** विलयन में नमक की मात्रा = 8 लीटर का 5%

$= \frac{8 \times 5}{100} = 0.4$ किलो

1 लीटर पानी वाष्पन हो जाने के बाद शेष बचे विलयन की मात्रा = 8 – 1 = 7 लीटर

$\therefore$ शेष बचे विलयन में नमक की प्रतिशतता

$= \frac{0.4}{7} \times 100 = 5\frac{5}{7}\%$

**116. व्याख्या : (2)** नमक के घोल में नमक = 4 लीटर का 30%

$= 4 \times \frac{30}{100} = \frac{12}{10}$ लीटर

एक लीटर पानी डालने पर नये घोल की मात्रा = 5 लीटर अतः अब घोल में नमक की मात्रा

$= \left[\frac{12}{10} \div 5 \times 100\right] = \left[\frac{12}{50} \times 100\right]\% = 24\%$

**117. व्याख्या : (2)** चूँकि तीनों की मजदूरी का बंटवारा उनके कामों के अनुपात में ही होगा।

$\therefore$ उनके कामों का अनुपात = 4 : 6 : 3

अनुपाती संख्याओं का योग = 4 + 6 + 3 = 13

$\therefore$ B को धन मिलेगा $= \frac{6}{13} \times 390 = 180$ ₹

**118. व्याख्या : (1)** सबसे ज्यादा जन्मे बच्चों की संख्या = 8 + 8 = 16 जो कि मार्च में है।

सबसे कम जन्मे बच्चों की संख्या = 5 + 4 = 9 जो की अप्रैल में है।

$\therefore$ अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{(16 - 9)}{9} \times 100 = \frac{7}{9} \times 100 = 77\frac{7}{9}$

**119. व्याख्या : (2)** पहले पाँच महीनों में नर शिशु तथा मादा शिशु का अनुपात = (8 + 6 + 8 + 5 + 6) : (6 + 7 + 8 + 4 + 7) = 33 : 32

**120. व्याख्या : (1)** ग्राफ से स्पष्ट है कि फरवरी, मार्च तथा मई में मादा शिशुओं की संख्या नर शिशुओं से अधिक या बराबर है।

□□□